# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 मई 2025



06 एसजीएस कॉलेज के डॉक्टर शुक्ला, डॉ पाटीदार...



09 अब तक खरीदा 9 लाख 30 हजार क्विंटल गेहूं...






## केंद्रीय मंत्री खटीक ने वफ्फ संशोधन बिल पर वार्ता में बताया मतलब

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर शनिवार को भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने गुना में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर वफ्फ बिल के संशोधन पर अपनी बात रखी। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री खटीक द्वारा गुना जिले के मुस्लिम समाज एवं प्रबुद्ध जनों के बीच आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर बिल के सुधार और सुधार बिल से मुस्लिम समाज को क्या फायदा की जानकारी समाज जनों को दी गई। तपश्चात पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, वफ्फ बिल के जिला संयोजक गिर्राज भार्गव एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि न वफ्फ एक ऐसी स्थाई संपति समर्पण हे (चल या अचल) जिसे मुस्लिम कानून के अनुसार धार्मिक, पुण्य या परोपकारी कार्यों के लिए समर्पित किया गया हो। भारत में वफ्फ संपत्तियों का प्रशासन वर्ष 1894 के प्रिवी काउंसिल के निर्णय से शुरू होकर वफ्फ अधिनियम, 1995 ओर इसके वर्ष 2013 ओर वर्ष 2025 में हुए संशोधनों तक महत्वपूर्ण रूप से विकसित हुआ हे। केंद्रीय मंत्री श्री खटीक ने कहा कि वफ्फ अधिनियम, 1995 के अंतर्गत मुख्यता : केंद्रीय वफ्फ परिषद c w c राज्य वफ्फ बोर्ड sbws, वफ्फ न्यायाधिकरण जैसी समस्याएं कार्य करती हे, जो क्रमशः सरकार को सलाह देने तथा वफ्फ संपत्तियों का प्रबंधन ओर संरक्षण करने के साथ ही वफ्फ से संबंधित विवादों, बेदखली ओर अपीलों की सुनवाई करने का कार्य करती हे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुए संशोधन के पश्चात केंद्रीय वफ्फ परिषद और राज्य वफ्फ बोर्डों की संरचना अब अधिक समावेशी हो गई हे, जिसमें मुस्लिम महिलाओं , गैर मुस्लिमों ओर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों (शिया, सुन्नी, बोहरा, आगा खानी आदि) का प्रतिनिधित्व अनिवार्य कर दिया गया हे। मुतवल्ली, जो वफ्फ संपत्तियों के संरक्षक होते हे, उन्हें कुप्रबंधन की स्थिति में उत्तरदायी ठहराया जाता हे। *केंद्रीय मंत्री श्री खटीक ने कहा कि भारत में वर्तमान में 8.72 वफ्फ संपत्तिया हे, जो 37.39 लाख एकड़ क्षेत्र में फैली हुई हे। इनमें से लगभग 59 हजार अतिक्रमण ओर 31 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामले दर्ज हे।* केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वफ्फ (संशोधन)कानून , 2025 द्वारा मुख्यताः हुए सुधारों के परिणाम स्वरूप अब केबल मुस्लिम धर्म का अभ्यास करने बाला व्यक्ति ही वफ्फ बना सकता हे। पारिवारिक वफ्फ में महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की गई हे। संपति का डिजिटलीकरण और अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण, सरकारी या निजी भूमि को मनमाने ढंग से वफ्फ घोषित करने पर रोक, वार्षिक योगदान, 7 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करना सुनिश्चित किया गया हे। इसके साथ ही न्यायाधिकरन सशक्त बनाते हुए सदस्यों के लिए निश्चित कार्यकाल तय किया गया हे।

इसमें सीमा अधिकनियम लेमिनेशन एक्ट को लागू कर दीर्घकालिक मुकदमों पर रोक लगाने का भी प्रयास किया गया हे। धारा 40 को हटाया गया हे, जिसमें वफ्फ बोर्ड को किसी भी संपति को वफ्फ घोषित करने की शक्ति दी थी। इस प्रावधान के कारण तमिलनाडु, कर्नाटक, विहार, केरल आदि राज्यों में विवाद उत्पन्न हुए। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि कुल मिलाकर, ये संशोधन वफ्फ प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तर दाई, समावेशी और कानूनी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम हे, साथ ही धार्मिक उद्देश्यों का सम्मान भी बनाएं रखते हे।

## समाचार संक्षेप

### रोटरी भवन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर आज

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में डॉ नीरज जैन के पूज्य पिताजी डॉ प्रेमचंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में किया जा रहा हे। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया कि 4 मई, रविवार को रोटरी भवन गायत्री मंदिर के पास गुना में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा जिसमें दोपहर 2 तक आयोजित नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र, शुगर व बीपी की जांच की जाएगी। नेत्र जांच शिविर में चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु लटेरी सदगुरु नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा। जिसको लेकर रोटरी अध्यक्ष जितेंद्र खुराना एवं सचिव मनोज अग्रवाल सहित रोटरी सदस्यों ने जिलेवासियों से नेत्र जांच शिविर में सहयोग कर अधिक से अधिक लोगों स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया हे।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने टेकरी धाम पहुंच लिया बालाजी सरकार का आशीर्वाद



**गुना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के भाजपा प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के गुना आगमन पर आज उन्होंने टेकरी धाम पहुंच श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नप अध्यक्ष सविता गुप्ता, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, जिला उपाध्यक्ष गिर्राज भार्गव, भाजपा नेता महेंद्र किरार, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत एवं परेश भार्गव सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनों ने टेकरी धाम पहुंचकर प्रदेश प्रभारी की भव्य अगवानी कर इतिहासिक स्वागत किया। मिडिया प्रभारी श्री जैन ने बताया कि टेकरी सरकार के दर्शन पश्चात प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह गुना से वाय कार ग्वालियर के लिए प्रस्थान किया।

### बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम के हालात बद से बदतर, संस्कार को दो बूंद पानी भी नहीं



**गुना।** शहर के बूढ़े बालाजी स्थित मुक्तिधाम की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। संस्कार के लिए वहां दो बूंद पानी तक की व्यवस्था नहीं थी, जिससे मजबूरी में लोगों को पानी के पाउच से गोबर लीपकर शुद्धिकरण करना पड़ा। हालात इतने खराब थे कि एक पोते को अपनी दादी को बिना स्नान किए मुखाग्नि देनी पड़ी। शहर में ऐसा बिगड़ा हुआ हाल पहले के किसी नगर परिषद कार्यकाल में नहीं देखा गया। नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने नगर परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता की कार्यशैली पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक कई कार्यकाल देखे हैं, लेकिन ऐसा अकुशल और असंवेदनशील प्रबंधन कभी नहीं देखा। वशिष्ठ ने बताया कि जब वे स्वयं एक अंत्येष्टि में शामिल होने बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम पहुंचे, तब वहां की दयनीय स्थिति देखकर उन्होंने तत्काल प्रभारी सीएमओ को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अधिकारी जनप्रतिनिधियों के कॉल नहीं उठाते, तो आम नागरिकों की सुनवाई की क्या उम्मीद की जा सकती है।

### चांचौड़ा थाना में आरोपियों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज

## मानसिक अस्वस्थ और असहाय युवकों से बंधुआ श्रम कराने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



चांचौड़ा क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ 16 वृद्ध और असहाय मजदूरों को बंधुआ बनाकर ढाबों, खेतों और ईंट-भट्टों पर अमानवीय परिस्थितियों में काम कराने वाले 12 आरोपियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शेष 1 की तलाश जारी है। पिछले दिनों चांचौड़ा क्षेत्र के जयसिंहपुरा, खोड़ा और चक पटोदी गांवों में एक गोपनीय अभियान चलाकर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने 16 बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया था। इन मजदूरों में कई मानसिक रूप से विक्षिप्त, बुजुर्ग और दूरदराज के राज्यों से लाए गए लोग शामिल थे, जिन्हें वर्षों से केवल भोजन के बदले बंधक बनाकर कार्य कराया जा रहा था। इनकी हालत दयनीय थी और किसी से संपर्क तक की अनुमति नहीं थी।इन पीड़ितों के बयान और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर चांचौड़ा थाना पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 164/25 धारा 127(4), 127(6), 143(2), 146, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में युवराज पुत्र प्रीतम राजपूत (चक पटोदी), मांगीलाल, भगवत, रामबाबू, जीवन, हृदेश, दिलीप, गजेन्द्र, भूरा, जितेन्द्र, अशोक एवं राजवेन्द्र के नाम प्रमुख हैं, जिनमें से अधिकांश जयसिंहपुरा निवासी हैं। गुना पुलिस की त्वरित कार्यवाही के चलते अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष 1 आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने मामले को गंभीर मानते हुए दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।प्रशासन की ओर से मुक्त कराए गए सभी मजदूरों को फिलहाल शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रय स्थल में रखा गया है, जहां उन्हें भोजन, वस्त्र और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उनके परिजनों की तलाश भी शुरू की गई है, जिससे इन्हें सुरक्षित रूप से घर पहुंचाया जा सके।

### 16 बंधुआ मजदूर जिन्हें प्रशासन विमुक्त कराया

1-वीरेन्द्र उर्फ कल्लू उम्र 32 साल निवासी ऊंचाहार रायबरेली उत्तरप्रदेश, 2-राम यादव उम्र 50 साल निवासी शिरडी महाराष्ट्र, 3-विमल कुमार उम्र 65 साल निवासी चखेण्डी थाना फतेहपुर उत्तरप्रदेश, 4-रामा उर्फ गूंगा उम्र 60 साल, 5-अखिलेश उम्र 20 साल, 6-रतन उम्र 62 साल जिला पाली राजस्थान, 7-प्रमोद उम्र 30 साल, 8-धनजी उम्र 40 साल, 9-सियाराम उर्फ सीताराम उम्र 40 साल, 10-नवीन मुकी आदिवासी उम्र 55 साल, 11-बल्देव डहरिया 40 साल निवासी उड़ीसा, 12-कलप उम्र 45 साल, 13-दीनदयाल महाराज उम्र 50 साल निवासी अहमदाबाद गुजरात, 14-दीपेश उम्र 32 साल निवासी सुरसा थाना माण्डर जिला रांची झारखंड, 15-अंगद उम्र 50 साल एवं 16-धन सिंह उम्र 30 साल को विमुक्त कराया गया है।

## ससुराल की शादी में जा रहे युवक की उमरी के पास सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राजगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की उमरी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक अपनी ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, इसी दौरान ये हादसा हुआ और उसकी जान चली गई। सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले के सुठालिया थाना क्षेत्र के ग्राम खनोटा निवासी राजू पुत्र कमरलाल प्रजापति बीती शाम अपने घर से मूंदोल जाने के लिए निकला था, जहां उसकी ससुराल में शादी थी। बताया गया कि कुड़ी मंगवार के पास बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। राजू के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद उसकी ससुराल में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इधर अस्पताल में उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चेक बांउस के प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमौरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा चैक वाउंस के एक प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया है ।गौरतलब है कि माननीय न्यायालय गुना में चैक वाउंस के प्रकरण क्रमांक 209/23 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित गिर्राज पुत्र घनश्याम मीना निवासी ग्राम नया डुमैला थाना बमौरी जिला गुना के न या या ल यी न कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय गुना से आरोपित गिर्राज मीना की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी हुआ था । पुलिस द्वारा वारंटी गिर्राज मीना की निरंतर तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में दिनांक 03 मई 2025 को वारंटी के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर बमौरी थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी गिर्राज पुत्र घनश्याम मीना निवासी ग्राम नया डुमैला थाना बमौरी जिला गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । बमोरी थाना पुलिस की इस कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, आरक्षक ललित शर्मा, सचिन कुमार, आरक्षक महेन्द्र पटेलिया, आरक्षक गुलाब सिंह एवं महिला आरक्षक रीनू निगवाल की सराहनीय भूमिका रही है ।



## बादल छाए, बूंदें गिरने से गर्मी से छुटकारा मिला, उमस ने परेशान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आसमान पर बादल छा गए। गर्म हवा धीरे-धीरे ठंडी हो गई।जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। फिर बूंदें गिरीं जिससे मौसम सुहाना हो गया लेकिन उमस ने परेशान किया।प्रदेश में चक्रवात के असर से मौसम ने पलटी मारी है।

चक्रवात का असर जिले सहित आसपास के जिलों पर भी हुआ है। जिले में दोपहर बाद मौसम ने करवट मारी और आसमान पर बादल छा गए। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। वहीं भदौरा में ओले गिरने की जानकारी भी सामने आई है। गुना सहित अशोकनगर व शिवपुरी जिले में भी बारिश की संभावना जताई है। रविवार को भी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना जताई गई है। उल्लेखनीय है कि इस समय पूरा जिला भीषण गर्मी की चपेट में हैं और अधिक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। इसी बीच शुक्रवार को चक्रवात के असर से जिले में गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। एक ही दिन में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं न्यूनतम तापमान स्थित रहा।

बादल छाने से जहां तेज धूप से छुटकारा मिला तो वहीं उमस ने परेशान किया। जिले में पिछले एक सप्ताह पारा 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। वहीं पिछले दिनों से अधिकतम तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच चुका था। लेकिन शुक्रवार को आंधी चलने से तापमान में गिरावट दर्ज हुई और एक ही दिन में अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट के साथ 43.2 डिग्री से 38.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## 62 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

**आरोन थाना क्षेत्र की पनवाडी हाट चौकी पुलिस ने की अवैध शराब की सूचना पर त्वरित कार्रवाई**

जिले के आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह के कुशल नेतृत्व में पनवाडी हाट चौकी पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर हाथ भट्टी की 62 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि आरोन थानांतर्गत पनबाड़ी हाट चौकी क्षेत्र के ग्राम क्यांपुर में नदी के पास एक व्यक्ति के बड़ी-बड़ी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में बैठे होने की सूचना पुलिस को मिलने पर पनवाडी हाट चौकी प्रभारी सउनि दिलीप सिंह रघुवंशी व उनकी टीम द्वारा तत्काल ग्राम क्यांपुर में नदी के पास मुखबिर की बताई जगह पर दविस दी और जहां पर दो केंनो के साथ बैठे हुए व्यक्ति को धरदबोच लिया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम धर्मवीर उर्फ हक्कू पुत्र हीरालाल अहिरवार निवासी ग्राम क्यांपुर थाना आरोन का होना बताया और जिसकी केनों को चैक करने उनमें हाथ भट्टी की बनी 62 लीटर कच्ची शराब भरी पाई गई, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं जिसके विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया गया।

शराब के विरूद्ध उपरोक्त कार्यवाही में आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पनवाडी हाट चौकी प्रभारी सउनि दिलीप सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक करन सिंह भदौरिया, आरक्षक जितेन्द्र यादव, आरक्षक नीतेश दुबे एवं आरक्षक भीम सिंह रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने साधा भाजपा पर निशाना, कई पदाधिकारी रहे मौजूद

## सामाजिक न्याय के संघर्ष में भाजपा ने मानी कांग्रेस की पुरानी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा शनिवार को गुना जिले में पत्रकारों से रूबरू हुए। शर्मा ने जातिगत जनगणना को कांग्रेस एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत बताया। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि जातिगत जनगणना का मुद्दा राहुल गांधी गली-चौपाल और सभा से लेकर लोकसभा में उठा रहे थे। राहुल गांधी द्वारा सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्ष के सामने भाजपा की केंद्र सरकार को घुटने टेकने पड़ गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह, बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिशंकर विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, कांग्रेस विस प्रत्याशी पंकज कनेरिया मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मप्र प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि जातिगत जनगणना के लिए राहुल गांधी ने जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा किया था। जबकि भाजपा बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे-सेफ रहोगे जैसे नारे दे रही थी। अब हालात यह हो गए हैं कि जातिगत जनगणना को हरी झंडी दिखाते ही भाजपा को अपना रवैया बदलना पड़ा है। सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर जातिगत जनगणना के मुद्दे पर बचते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने देश की नब्ज को समझा, इसलिए केंद्र सरकार को उनकी मांग के सामने झुकना पड़ा है।

### जातिगत जनगणना देश के लिए जरूरी

कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए इसे देश के लिए जरूरी बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि जातिगत जनगणना अच्छे डाटा कलेक्शन के लिए जरूरी है। सरकार को पता चलेगा कि किस जाति में कितने लोग हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इनमें केवल अजा-अजजा और ओबीसी वर्ग ही नहीं है, बल्कि सामान्य जातियों के गरीबों का डाटा के आधार पर योजनाएं बनेंगी और कानून बनाए जा सकते हैं।

### राहुल का मजाक उड़ाया, बाद में वही हुआ

कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने देश में अब तक जितने भी मुद्दे उठाए हैं, उनका भाजपा ने पहले मजाक उड़ाया। लेकिन बाद में भाजपा और उसकी सरकारों को झुकना ही पड़ा है। राहुल ने नोटबंदी का विरोध किया, सरकार ने मजाक उड़ाया। लेकिन दो साल बाद आरबीआई ने नोटबंदी के फैसले को देश के लिए हानिकारक बताया। इसी तरह जीएसटी के मुद्दे पर भी राहुल के मुताबिक संशोधन करना पड़ा। कोविड-19 के मुद्दे पर विदेशी उड़ानों को बंद करने के सुझाव पर हंसने वाली सरकार ने बाद में ऐसा ही किया।

## खबर संक्षेप

### बड़ी छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया



**गंज बासौदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनिवार सुबह 9 बजे जगत के कोतवाल शक्ति के दाता भगवान शिव के अंशावतार श्री काल सेन भैरव बाबा का पूजन अभिषेक दोपहर 12 किया गया। जिसमें महा आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

### अतिक्रमण पर यातायात पुलिस, नपा की कार्रवाई

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय द्वारा नगरपालिका के सहयोग से रेलवे स्टेशन तिराह, माधवगंज, जयप्रकाश मंच एवं खरीफाटक रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चालानी एवं जब्ती की कार्रवाई की है। इधर कोतवाली के पास ही एक साल से दो तीन ठेलें की जगह पर अवैध तरीके से सामान बांधा रखा है। जगह पर अतिक्रमण करने के लिए ऐसा किया गया है। न तो व्यापार किया जा रहा न ही जगह खाली की जा रही। ऐसे अवैध अतिक्रमण पर न तो पुलिस का ध्यान है और न ही नगरपालिका का। जबकि यह जगह वाहन पार्किंग के लिए काम आ सकती है।

### सब जूनियर, कैडेट व ताईक्वांडों प्रतियोगिता

**विदिशा।** मप्र ताईक्वांडों एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला ताईक्वांडों संघ विदिशा द्वारा मप्र ओपन राज्यस्तरीय सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर ताईक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन 4 मई तक जिला खेल परिसर, स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रदेश भर के 20 जिलों की टीमें सहभागिता करेंगी और इसमें लगभग 300 प्रतिभागी सम्मिलित होंगें। प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला खेल परिसर, स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में 2 से 4 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।

### ई-ऑफिस प्रणाली का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**विदिशा।** विभिन्न विभागों के 30 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड किया गया है। एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार ने बताया कि इसी क्रम में समस्त विभागों के समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं तकनिकी कर्मचारियों को ई-ऑफिस पोर्टल संचालन का डिटेल प्रशक्षिण जिला ई-दक्ष केंद्र में दिया जा रहा जो से 7 मई तक जारी रहेगा। आईएसएम से पांच दिनों तक चलेगा। इस प्रशक्षिण में सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं तकनीकी कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली में फाइल को मूव, क्रिएट, पोस्टिंग डिजिटली हस्ताक्षर, डाक्यूमेंट्स को दस्तवेजों को संलग्न करना आदि शामिल हैं।




### नगर में बिक रही है दूषित खाद्य सामग्री

**गंजबासौदा।** नगर में इन दिनों धडल्ले से दूषित फल सब्जी एवं खाद्य सामग्री बिक रही है। यहां उल्लेखनीय है कि भीषण गर्मी में दूषित खाद्य सामग्री के उपभोग से लोग बीमार जल्दी होते हैं। इसके बावजूद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग और नपा का स्वास्थ्य अमला इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे दूषित तरबूज, आम सहित अन्य फल, मिठाई सहित अन्य तरह की खाद्य सामग्री का धडल्ले से विक्रय किया जा रहा है। ऐसे में नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड सकता है। नागरिकों ने प्रशासन एवं नगर पालिका से नागरिकों के स्वास्थ्य को देखते हुए दूषित फल, सब्जी एवं खाद्य सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की है।

## ग्राम उदयपुर में लाड़ली उत्सव का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम उदयपुर में शुक्रवार को लाड़ली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे लाडली लक्ष्मी बालिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही उन्हे आश्वासन प्रमाण पत्र दिए गए। बालिकाओं को बताया गया कि वह अपनी शिक्षा जारी रखें और लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्राप्त होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम की लाडली बेटियां, उनकी माताएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया कोरी, कला बाई आदिवासी, मनीषा पंथी, राजकुमारी अहिरवार, रामश्री अहिरवार, रजनी शर्मा एवं सहायिका लक्ष्मी सेन, प्रभा कोरी, पिंकी साहू एवं ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी भी जानकारी दी गई और बालिकाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में भी आवश्यक जानकारियां प्रदान की गईं।

### भौतिकी विभाग के विशेषज्ञों ने किया कमाल

# एसजीएस कॉलेज के डॉक्टर शुक्ला, डॉ पाटीदार ने आविष्कार पेटेंट कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता के निर्देशन में भौतिकी विभाग के डॉ बिंदेश कुमार शुक्ला एवं डॉ सुनील पाटीदार द्वारा एक पेटेंट किया गया। जिसमे यह आविष्कार एक ऐसी प्रणाली और विधि से जुड़ा है, जो क्वांटम टनलिंग नामक सिद्धांत का उपयोग करके ऊर्जा प्राप्त करती है। इस तकनीक में खास तरह के नैनो-पदार्थ (जैसे ग्राफीन, कार्बन नैनोट्यूब्स या ट्रांजिशन मेटल डाइकैल्कोजेनाइड्स) से बने दो इलेक्ट्रोड होते हैं, जिनके बीच एक बहुत पतली इंसुलेटिंग या सेमीकंडक्टर परत होती है। जब यह प्रणाली आसपास की ऊर्जा जैसे तापमान में बदलाव, विद्युत चुंबकीय किरणें या हल्के कंपन के संपर्क में आती है, तो इलेक्ट्रॉन उस पतली परत को पार कर जाते हैं (टनल करते हैं), जिससे बिना किसी बाहरी बिजली स्त्रोत के करंट उत्पन्न होता है। इस प्रणाली की बनावट ऐसी होती है कि इलेक्ट्रॉन एक दिशा में ही बहें (unidirectional flow), जिससे ऊर्जा कुशलता से बदली जा सके। इसके साथ ही, इसमें करंट को सही करने (rectify) वाले सर्किट और छोटे स्तर की ऊर्जा भंडारण इकाइयाँ (जैसे नैनो-कैपेसिटर) भी जोड़ी जा सकती हैं, जिससे बिजली की निरंतर और भरोसेमंद आपूर्ति हो सके, बिना किसी रखरखाव के। यह तकनीक खासतौर पर छोटे, कम बिजली वाले उपकरणों जैसे IoT सेंसर, पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, और शरीर के भीतर लगाए जाने वाले बायोमेडिकल उपकरणों के लिए बहुत उपयोगी है। यह पारंपरिक बैटरियों का एक टिकाऊ और कॉम्पैक्ट विकल्प देती है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मणिमोहन मेहता ने बताया कि भौतिकी विभाग के दोनों विशेषज्ञों ने इस विषय पर गहराई से शोध कार्य किया है और इस शोध एवं आविष्कार को पेटेंट कराया है, जो महाविद्यालय ही नहीं बल्कि नगर के लिए भी गौरव की बात है। महाविद्यालय परिवार ने दोनों विषय विशेषज्ञों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## इमलाधाम महंत मौनी बाबा हुए ब्रह्मलीन अंतिम यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ सिद्ध बालाजी मंदिर इमलाधाम के महंत श्री हरिहर दास गुरू महाराज मौनी बाबा गत दिवस ब्रह्मलीन हो गए। जिनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव, सरिता रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर महंत श्री के अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### ऑटो को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा रोड पर गमाकर की तरफ से आ रही एक कार ने बासौदा से सवारी लेकर जा रहे एक ऑटो में तेज लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में बैठे तीन लोग घायल हो गए और उन्हें मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने ऑटो चालक नारायण अहिरवार की रिपोर्ट पर एक सफेद रंग की कार के चालक पर मामला दर्ज किया है।

## सेवा संकल्प के रूप में मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ब्राह्मण दल ने इस बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव सेवा संकल्प के रूप में मनाया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर धर्म कांटा में भगवान परशुराम के श्री विग्रह का पूजन महंत राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य में हुआ। भगवान रामदेव मंदिर के प्रमुख पंडित हरिनारायण पाठक मौजूद रहे। नगर के वरिष्ठ कर्मकांडी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम का दिव्य अभिषेक किया। मंदिर में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों का भी अभिषेक हुआ। इस मौके पर ब्राह्मण दल ने समाज के 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। वरिष्ठ महिलाओं के पैर पखारे गए। उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए गए। यह कार्यक्रम पहली बार इस रूप में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, हरि सिंह सिकरवार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### शादी में गए युवक की हुई संदिग्ध मौत

**गंजबासौदा।** ग्राम भिदवासन में गत दिवस युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। 21 वर्षीय धर्मेंद्र अहिरवार गांव में समाज की एक शादी में शामिल होने गया था। रात को वह सड़क पर घायल अवस्था में मिला। परिजन उसे घर ले गए। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृत्यु के बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने धर्मेंद्र पर चाकू से हमला किया था। वहीं पुलिस पूछताछ में युवक की मां ने बताया कि बेटे ने खुद कहा था कि वह गिर गया था, तारों से जख्मी हो गया था। इसके बाद भी परिजन उसे इलाज के लिए नहीं ले गए। न ही रात को पुलिस को सूचना दी गई। मौत के बाद परिजनों ने हमला होने की बात कही। त्योंदा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम किसनोदा निवासी अजय आदिवासी ने शिकायत की है कि वह गत दिवस अपने चाचा के साथ उदयपुर से सामान लेकर वापस गांव लौट रहा था। तभी ग्राम पिपरिया के पास सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अजय और उसके चाचा घायल हो गए। जिसके बाद उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में पीडित की शिकायत पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सुभद्रा कन्या महाविद्यालय में नहीं है पेयजल और पंखों की उचित व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासकीय सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय में संचालित परीक्षा केंद्र पर छात्राओं को लगातार पीने के पानी की समस्या और गर्मी में पंखे जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में छात्राओं की लगातार शिकायतें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं को प्राप्त हो रही थीं। इस पर संज्ञान लेते हुए अभाविप के कार्यकर्ता जब महाविद्यालय पहुँचे, तो यह स्पष्ट हुआ कि परीक्षा केंद्र पर न तो छात्राओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही गर्मी से राहत देने के लिए पंखों की कोई समुचित व्यवस्था की गई है।

भीषण गर्मी में भी छात्राओं को बिना पंखों के परीक्षा देना पड रही है। यही नहीं पंखों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण छात्राओं को बाहर बरामदे में बैठाकर परीक्षा आयोजित कराना पड़ रही है। ये अव्यवस्थाएं लंबे समय से महाविद्यालय में व्याप्त हैं, लेकिन अभी तक प्राचार्य ने इस ओर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है और न ही समस्या समाधान के लिए कोई विशेष प्रयास किए गए हैं। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए अभाविप के जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने प्राचार्य से तत्काल इस विषय में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय हैं और ऐसे में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होना और विद्यार्थियों को पर्याप्त सुविधाएं न देना न केवल अनुचित है, बल्कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। अभाविप ने मांग की है कि संबंधित प्रशासन शीघ्र ही इस समस्या का समाधान करे, अन्यथा विद्यार्थी परिषद छात्रहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### उत्कृष्ट उमावि के इंडोर खेल परिसर में 20 मई तक चलेगा शिविर

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्म कालीन खेल एवं अन्य सांस्कृतिक नृत्य संगीत चित्रकला आदि के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षक अनिल दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन पश्चात शिविर का शुभारंभ किया। प्राचार्य एम सी शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं से शिविर में सम्मिलित होकर समस्त कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। साथ ही अलग अलग विषय के विशेषज्ञ बुलाकर बच्चो को लाभान्वित करने की बात कही। इस शिविर में आने वाले बच्चों के लिए ठंडा और शुद्ध पानी के लिए विद्यालय द्वारा वाटर कूलर भी लगाया गया है। यह शिविर 1 मई से 20 मई तक चलेगा। इसमें उत्कृष्ट विद्यालय के अतिरिक्त अन्य विद्यालय के छात्र छात्राये भी सम्मिलित हो सकते हैं। शिविर का समय प्रातः 8 बजे से रहेगा। जबकि स्थान इंडोर खेल परिसर रहेगा।

उधर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड गंज बासौदा में खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। यह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई 2025 से 31 मई 2025 तक किया जा रहा है। बासौदा विकासखंड की ब्लॉक समन्वयक नूरजहां बानो मंसूरी द्वारा बताया गया कि बासौदा विकासखंड में दो खेलों का प्रशिक्षण निःशुल्क लगाया जा रहा है। जिसमें ताइक्वांडो का प्रशिक्षण हेमंत विश्वकर्मा द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर एसजीएस कॉलेज के पीछे गंज बासौदा में एवं एथलेटिक्स का प्रशिक्षण विजय शर्मा द्वारा डॉल्फिन के ग्राउंड में ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। इसके अलावा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में 30 जून तक "ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के एथलेटिक्स के लिये विजय शर्मा के मोबाइल नंबर 6260215370 एवं ताइक्वांडो के लिए हेमंत विश्वकर्मा के मोबाइल नंबर 8878877088 पर संपर्क कर इस कैंप में शामिल हो सकते हैं। विकासखंड की समन्वयक ने सभी खिलाड़ियों से इस समर कैंप में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर निशुल्क समर कैंप का लाभ की उठाने की अपील की। इसमें भाग लेने के लिये विद्यार्थी MYMP पोर्टल www.merayuva.mp.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। पंजीकरण लिंक विद्यार्थियों को SMS से प्राप्त होगी।

### एटीएम एक वर्ष से बंद, लोग हो रहे परेशान

**शमशाबाद।** एक और जहां ग्राहकों को सुविधा देने के लिए बैंक ग्राहकों को नई-नई योजना के माध्यम से ग्राहक बना रही है। वहीं दूसरी और एसबीआई के ग्राहक एक वर्ष से एटीएम बंद होने से परेशान हो रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक का महानीम चौराह पर एटीएम एक वर्ष से बंद पड़ा है। इससे ग्राहकों को भारी दिक्कत हो रही है। बैंक के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे। चौराह पर एक मात्र एटीएम है। यहां रोजाना 100 से ज्यादा बसों का आना जाना होता है। इन बसों में सफर करने वाले कई यात्रियों को पैसे निकालने की जरूरत होती है। एटीएम बंद होने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। शादियों का सीजन चल रहा है। जहां लोगों को पैसे की सख्त जरूरत है , लेकिन एटीएम से पैसा नहीं निकलना लोगों के लिए सरदर्द बना हुआ है। एटीएम सोपीस बना हुआ है। महानीम चौराह पर नवोदय विद्यालय होने से शिक्षकों, अभिभावकों सहित दुकानदारों को एटीएम बंद होने से परेशान हैं। बैंक प्रबंधन से कई बार शिकायत की गई पर अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

सरकारी खरीदी : अंतिम तिथि 5 मई, 30 अप्रैल से स्लॉट बुक का कार्य बंद हो चुका

# अब तक खरीदा 9 लाख 30 हजार क्विंटल गेहूं, किसानों के पास दो दिन का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी अब अंतिम दौर में चल रही है। जिले में अव्यवस्था और किसानों के हंगामे के बीच चल रही खरीदी के दौरान अब तक 9 लाख 30 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। अब जिन किसानों को समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं बेचना है, उन किसानों के लिए सिर्फ दो दिन का मौका और बचा है। क्योंकि खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई नजदीक आ गई है और 30 अप्रेल से स्लॉट बुक की प्रक्रिया बंद हो चुकी है। अब माल बेचने के लिए सिर्फ दो दिन का मौका बचा है खरीदी केन्द्रों पर 3 हजार से अधिक किसान अपना गेहूं बेचने के लिए कतार में है। क्योंकि उनके द्वारा स्लॉट बुक कराए जा चुके हैं। ऐसे में किसानों की परेशानी और बढना तय दिख रही है। हालांकि जिले के कई किसान शासन से खरीदी की तारीख बढाने की मांग कर रहे है,लेकिन विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खरीदी की तारीख बढने की संभावना कम लग रही है।

जहां तक गेहूं ऊपार्जन की बात करें तो इस बार जिले में 33 खरीद केन्द्रों पर समर्थन मूल्य के तहत गेहूं की खरीदी की जा रही है। शुरूआती दिनों के दौरान मंडी में गेहूं का भाव अच्छा था,इसलिए खरीद केन्द्रों पर किसानों की लाइने नहीं लग रही थी,लेकिन जैसे ही मंडी में गेहूं का भाव गिरा, वैसे ही खरीद केन्द्रों पर किसानों की कतार लगने लग गई। किसानों की कतार बढने के साथही खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्थाओं की स्थितियां भी निर्मित होना शुरू हो गई। जिसकारण किसानों के द्वारा खरीद केन्द्रों पर परेशान होने और उनके द्वारा हंगामा किए जाने की स्थिति आए दिन निर्मित होने लग गई। फिर भी किसान गेहूं बेचने के लिए कतार में खडे हुए है। बताया गया है कि अब तक जिले में समर्थन मूल्य पर 9 लाख 30 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। चूंकि अभी खरीदी 5 मई तक चलेगी,इसलिए गेहूं खरीदी का आंकडा और बढने की उम्मीद है। जबकि पिछले साल तो 6 लाख क्विंटल के आसपास ही गेहूं खरीदा गया था।



### बारिश के साथ ओले गिरे, भीगा हजारों क्विंटल गेहूं

श्योपुर में शनिवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। कुछ ही देर बाद आंधी शुरू हो गई। शहर में आंधी करीब आधे घंटे तक चली। कराहल तहसील क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बारिश हुई। जहां करीब 15 मिनट तक बारिश के बीच बैर के आकार के ओले भी गिरे। बारिश से कराहल स्थित उपार्जन केंद्र पर समर्थन मूल्य पर खरीदा गया भंडारण के लिए खुले में रखा गेहूं भीग गया। यहां जमा हुए बारिश के पानी को जेसीबी की मदद से निकाला गया। हजारों क्विंटल गेहूं भीगने की बात सामने आ रही है। उधर विजयपुर कस्बे में भी 10 मिनट तक जोरदार बारिश हुई। तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। जनजीवन को भीषण गर्मी से राहत मिली।

### 7942 किसानों ने बेचा गेहूं, 3458 किसान अभी कतार में

समर्थन मूल्य पर अब तक हुई गेहूं खरीदी के दौरान जिले के 7 हजार 942 किसानों के द्वारा अपना गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचने में सफल हो गए है। लेकिन अभी 3 हजार 458 किसान अपना गेहूं बेचने के लिए अलग अलग खरीदी केन्द्रों पर लाइन में लगे हुए हैं। लाइन में लगे इन किसानों के द्वारा 30 अप्रैल तक स्टॉल बुक करा लिए गए है।

### इधर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 15 तक

भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल के पंजीयन अब 15 मई तक जारी रहेंगे। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बतायास कि पंजीयन के लिए जिले में 4 केन्द्र बनाये गये हैं। श्योपुर में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, कराहल में विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वीरपुर में विपणन सहकारी संस्था वीरपुर एवं विजयपुर में विपणन सहकारी संस्था विजयपुर को तुअर फसल के पंजीयन के लिए केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर 15 मई तक पंजीयन कराया जा सकता है। तुअर फसल का समर्थन मूल्य 7550 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

### इनका कहना है...

गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई है। 30 अप्रैल तक जिन किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं, उनका माल खरीदा जा रहा है। अभी तारीख बढ़ने से संबंधित कोई सूचना नहीं है।

**सुनील शर्मा**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्योपुर**

हमने ज्ञापन सौंपकर शासन प्रशासन से खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की है। क्योंकि अभी तक कई किसान ऐसे है,जिनका गेहूं तुल नहीं पाया है। किसानों की परेशानी को समझते हुए सरकार खरीदी की तारीख बढाए। ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके।

**राधेश्याम मूंडला**
**प्रदेश अध्यक्ष चढूनी**

कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

# सामान के पैसों को लेकर हुआ विवाद लाठी डंडों से पीटा, तीन लोग जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के कमालखेड़ली इलाके में दुकान से खरीदे गए सामान के पैसों के लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नामजद आरोपियों ने दुकानदार सहित उसके परिवार के लोगों की जातीय अपमान करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दी। विवाद में तीन लोग जख्मी हो गए। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक कमालखेडली निवासी टोपिस रेगर पुत्र अमरलाल रेगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को मेरा भांजा प्रदीप जब अपनी दुकान पर बैठा था,तभी वहां सामान खरीदने के लिए गोलू धोबी पहुंचा। जहां उसने सामान के पैसों को लेकर प्रदीप से विवाद किया और फिर चला गया। रात करीब 8 बजे गोलू धोबी और सोनू धोबी लाठी डंडे लेकर फिर से दुकान पर आ गए, जिन्होने गाली गलौच और जातीय अपमान करते हुए मेरे भांजे प्रदीप की मारपीट कर दी, मै और मेरे पिताजी जब बचाने के लिए दौडे तो दोनो ने मिलकर हम दोनो की भी मारपीट कर दी। इस तरह विवाद में प्रदीप, टोपिस और अमरलाल रेगर सहित तीन लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने टोपिस रेगर की रिपोर्ट पर गोलू और सोनू के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

40 साल 8 माह तक दी पुलिस विभाग को अपनी सेवाएं

# ढोढर थाने के उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह कुशवाह सेवा निवृत्त हो गए हैं। ढोढर थाने में आयोजित विदाई समारोह में ढोढर थाना स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिको ने शामिल होकर उप निरीक्षक कुशवाह को भावभीनी विदाई दी, साथही उनका शेष जीवन अच्छे से व्यतीत होने की शुभकामनाएं दी

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने कहा कि उप निरीक्षक कुशवाह का पूरा कार्यकाल बेदाग रहा है। अपने 40 साल 8 माह के सेवाकाल के दौरान उन्हें किसी भी तरह की कोई विभागीय सजा की कार्रवाई नहीं झेलनी पड़ी। आमजनता में उनके प्रति काफी पक्का भरोसा रहा है। वहीं अफसरों के भी चहेते बने रहे। पुलिस विभाग में सिपाही से भर्ती होकर उप निरीक्षक के पद तक पहुंचे कुशवाह श्योपुर जिले सहित भिण्ड, दतिया, रीवा, मुरैना में अपनी सेवाए दे चुके है। निश्चित ही उनकी कमी पुलिस विभाग को काफी खलेगी। विदाई समारोह में उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह कुशवाह ने अपनी सेवा के दौरान कई प्रसंगो को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस विभाग में सेवा के दौरान सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित साथी पुलिसकर्मियों सहित लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला है। जो मुझे हमेशा याद रहेगा। विदाई समारोह में सरपंच नारायण गोयल, समाजसेवी रवि गुप्ता, डॉ लखन सिंह राजावत, सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक शामिल थे।



### एसपी कार्यालय में भी दी गई विदाई

सेवा निवृत्त हुए उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह कुशवाह को एसपी कार्यालय में भी पुलिस अधिकारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एसपी वीरेन्द्र जैन ने उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और आगामी जीवन सुखमय बीतने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एएसपी प्रवीण भूरिया, आरआई अखिलेश शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# विधायक ने एसपी को दिया ज्ञापन, कहा झगड़ालू प्रवृति का है पेट्रोल पंप का मालिक और उसका स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नायरा पेट्रोप पंप पर हुई मारपीट की घटना को लेकर श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि पेट्रोल पंप का संचालक और उसका स्टाफ झगड़ालू प्रवृति के है, वे आए दिन लोगों के साथ झगड़ा करते हैं। उस दिन भी पेट्रोल पंप का स्टाफ 02 आदिवासी युवकों की मारपीट कर रहा था। बता दें कि नायरा पेट्रोल पंप संचालक हेमंत गर्ग के द्वारा बीते रोज कोतवाली थाने में रफीक सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इस मामले को लेकर विधायक बाबू जंडेल की अगुवाई में कांग्रेस पार्षद सलाउद्दीन, कांग्रेस नेता मोहम्मद चीनी कुरैशी, विधायक प्रतिनिधी सिराज दाउदी सहित अन्य कई लोगो ने शनिवार को एसपी वीरेन्द्र जैन को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि घटना वाले दिन पेट्रोलपंप के स्टाफ के लोग बाइक सवार दो आदिवासियों की बड़ी बेहरमी से मारपीट कर रहे थे, जिसका वीडिया वहां पहुंचा रफीक बनाने लग गया, इसी बात से आक्रोशित होकर पेट्रोप पंप संचालक ने रफीक का मोबाइल छीनकर उसकी मारपीट कर दी। इस दौरान रफीक ने भी पिटाई से बचने का प्रयास किया होगा। लेकिन इस पूरे मामले की सत्यता का पता पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरो के रिकॉर्ड को खंगालकर लगाया जा सकता है। इस दौरान जो भी दोषी मिले,उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नोटिस जारी



श्योपुर। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी नितिन मित्तल द्वारा कलारना, ढेगदा के आंगनबाड1ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलारना ए केंद्र पर पर्याप्त संख्या में बच्चे नहीं मिलने पर कार्यकर्ता रुकमणी बाई आदिवासी को नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार कलारना बी की अंजू सिकरवार, कलारना डी की कार्यकर्ता चंदा आदिवासी, ढेंगदा ए की कार्यकर्ता पदमा गोड को केंद्र पर अव्यवस्था मिलने पर नोटिस जारी किया गया। केंद्र पर साफ-सफाई नहीं मिलने पर बच्चे नहीं मिलने पर सहायिका कलारना ए बर्फी आदिवासी, कलारना बी की सहायिका अश्विनी आदिवासी, कलारना डी की सहायिका कृष्णा आदिवासी, ढेंगदा ए की ममता आदिवासी को नोटिस जारी कर कार्यवाही को गई।

# अखिल भारत हिंदू महासभा की श्योपुर जिला कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारत हिंदू महासभा की श्योपुर जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए उसमें राष्ट्र हित में काम करने के लिए सभी वर्गों का समान रूप से स्थान दिया है। यह जिला कार्यकारिणी दो साल के लिए मान्य रहेगी।

महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सौरव शर्मा, प्रीतम शर्मा, बृजेश भदौरिया, संगठन मंत्री सोनू चौधरी, ग्रामीण उपाध्यक्ष तोताराम माहौर, लहरी गुर्जर, मुरारी रावत, सचिव जसवंत राजपूत, मत्री मलखान चौहान,भैरू गुर्जर, पवन रावत, बद्री सिंह, भूपेन्द्र सिंह जांगिड, बलवान मीणा, सुनील जाटव, सचिव अर्जुन गुर्जर,रूप सिंह जाटव, नगर उपाध्यक्ष कोमल किन्नर, सदस्य बाबू सरदार, भैरूलाल गुर्जर, अध्यक्ष सहायक संदीप तोमर तथा मीडिया प्रभारी रोहित माहौर को नियुक्ति किया गया है।

जैनी के मुक्तिधाम में टीनशेड तो है मगर साफ सफाई का बना है अभाव

# बदहाल हालत में मुक्तिधाम, कहीं पड़ी गंदगी तो कहीं उग रही खरपतवार, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर क्षेत्र के ग्राम जैनी में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तो बना हुआ है, लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर टीनशेड के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है। यहां सबसे ज्यादा अभाव साफ सफाई का बना हुआ है। यहां स्थिति यह है कि मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर ही लोग कचरा फेंक रहे है। वहीं अंदर चारो तरफ खरपतवार उग रही है। जगह जगह गंदगी पड़ी नजर आती है। जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कई बार ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से मुक्तिधाम में सुविधाएं बढाने और साफ सफाई कराए जाने की मांग कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी पंचायत द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत श्योपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुख्यालय जैनी में बना मुक्तिधाम बदहाली का शिकार है। मुक्तिधाम में साफ-सफाई नहीं है। यहां पर गाजारघास और झाडियां ऊग आईं हैं। जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए आये ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुक्तिधाम में टीनशेड बना हुआ है। लेकिन अन्य सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। आसपास के लोग घर का कूडा कचरा मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर ही फेंक रहे हैं। जिससे मुक्तिधाम का रास्ता कचरे के कारण बंद सा हो गया है, अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले कूडे कचरे के ऊपर से ही गुजरते हुए टीनेशन तक पहुंचते हैं। मुक्तिधाम परिसर में बैठने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। हालांकि मुक्तिधाम में पानी की सुविधा मौजूद बताई गई है,लेकिन पानी की यह सुविधा मुक्तिधाम के अंदर परिसर में न होते हुए मुक्तिधाम के बाहर बनी हुई है। जिसकारण लोगों को अंतिम संस्कार के दौरान पानी की जरूरत पड़ने पर उसे लेने के लिए मुक्तिधाम के बाहर आना पड़ता है।



### कई जगह मुक्तिधाम पर पहुंचने के लिए रास्ते ही नहीं

जिले में कई गांव ऐसे भी मौजूद हैं, जहां मुक्तिधाम पर जाने के लिए रास्ते ही नहीं बचे हैं। यह स्थिति स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कब्जा कर लेने के कारण निर्मित हुई है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम छोटाखेडा में अतिक्रमण के कारण मुक्तिधाम सिकुडकर छोटा सा रह गया है। जहां पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं है। टीनशेड सहित अन्य कई सुविधा भी मौजूद नहीं है। उधर ग्राम पंचायत शंकरपुर के कोटरा गांव में भी मुक्तिधाम पहुंचने के लिए लोगों को रास्ते की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में यहां के ग्रामीण काफी परेशानी झेलते हुए शव यात्रा को लेकर मुक्तिधाम में पहुंचते हैं और फिर अंतिम संस्कार करते हैं।

### इधर लीलदा में मुक्तिधाम के लिए आवंटित हुई 2 बीघा जमीन

बता दें कि वीरपुर तहसील के गांव लीलदा में अंतिम संस्कार को लेकर जो स्थिति निर्मित हुई वह किसी से छिपी नहीं है। लेकिन इस घटना के बाद हरकत में आए जिला प्रशासन ने लीलदा गांव में मुक्तिधाम के लिए दो बीघा जमीन आवंटित करते हुए समस्या का स्थाई समाधान करा दिया गया है। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने बताया कि लीलदा गांव में 2 वीघा जमीन मुक्तिधाम के लिए आवंटित करते हुए उसका सीमांकन भी करा दिया है। इसके साथही मुक्तिधाम पर पहुचने के लिए रास्ता भी दिया गया है। ऐसे में जिले के लोग प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह कर रहे है कि जिले के अन्य गांवों में इस तरह की समस्या बनी हुई है,उनका समाधान भी इसी गंभीरता के साथ करवाया जाए।

### इनका कहना

अभी तक तो हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। लेकिन आप जिन गांवों के बारे में बता रहे हैं, उन गांवों के मुक्तिधामो में बनी समस्याओं का पता करवाते हुए उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**बीएस श्रीवास्तव**
**एसडीएम, श्योपुर**

# विप्र बंधुओं ने निकाली बाइक रैली, आज निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को एक बाइक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र बंधु शामिल हुए। शनिवार शाम को यह बाइक रैली पाली रोड स्थित कॉलेज ग्राउंड से आरंभ हुई। जिसमें बडी संख्या में विप्र बंधु बाइको के साथ हाथो में झंडे लेकर शामिल हुए। यह बाइक रैली शहर के मुख्य बाजार से होते हुए किला रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने बताया कि 4 मई को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली जाएगी। उन्होंने सभी विप्र बंधुओ से इस शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

**खबर संक्षेप**



## जिले में हल्की बारिश के साथ ओले, गर्मी से मिली कुछ राहत

**शिवपुरी**। जिले में अप्रैल माह की शुरुआती दिनो से ही गर्मी ने अपना असर दिखना शुरु कर दिया था लेकिन जैसे जैसे अप्रैल माह के दिन गुजरते चले वैसे वैसे तेज धूफ के साथ उमस व गर्मी ने अपना रुख दिखना शुरु कर दिया था मई के माह में भी तेज गर्मी और लू चलने के बजह से लोग दोपहर में घरो में बंद रहते शाम हाते ही ही बहार नजर आते लेकिन शविार को मौसम ने अपना हकला रुख बदला और जिले भर में तेल हवायों के साथ छोटे-छोटे होले व बारिश देखने को मिली जिससे गर्मी में राहत हुई है।

## 13 साल के बेटे की करंट से मौत



**शिवपुरी**। रन्नौद थाना क्षेत्र के आकाझिरी गांव में शुक्रवार शाम पिंकेश लोधी उम्र 13 साल की करंट लगने से मौत हो गई घटना के समय पिंकेश के माता-पिता ससुराल में एक शादी समारोह में गए हुए थे। उन्होंने घर और मवेशियों की देखभाल के लिए पिंकेश को अकेला छोड़ा था। शाम करीब 6 बजे पिंकेश घर में बिजली के तार की कुंडी लगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान एक तार उसके हाथ से टकरा गया। पड़ोसी ने फोन कर परिवार को सूचना दी। पिता हरपाल लोधी ने अपने परिचित प्रमोद जैन को तुरंत घर भेजा। कुछ देर बाद हरपाल भी गांव पहुंचे। वे बेटे को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने पिंकेश को मृत घोषित कर दिया।

## ट्रॉली पलटने से तीन लोग हुए घायल

**अशोकनगर**। ग्राम भडूली से एक शादी समारोह की बारात ग्राम रेंझा से लौट रही थी तभी रास्ते में ट्रेक्टर का अगला टायर फटने से ट्राली में बैठे तीन लोग घायल हो गये । इन घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमें हरिराम पुत्र लम्बूराम अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी सिलावन तहसील पिपरई,विजयसिंह पुत्र दलेलसिंह अहिरवार निवासी लाल बरखेड़ा,कमलसिंह पुत्र पूरनसिंह ग्राम इकोदिया को चोटे आई हैं। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

## दो बाइक टकराई, पिता-पुत्री गंभीर घायल

**अशोकनगर**। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम ज्ञानपुर गुरैया निवासी इन्द्रकुमार अपनी पुत्री को बाईक पर बैठाकर एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए तालबेट जाते समय रास्ते में अज्ञात बाईक चालक ने उनके बाहन में सामने से टक्कर मार दी जिससे बाईक पर सवार इन्द्रकुमार कलावत और पुत्र लालाराम, सिमरन पुत्री इन्द्रकुमार उम्र 16 वर्ष घायल हुए हैं दोनो घायल को जिला अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

## फांसी लगाकर खुदकुशी करने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम राजपुर निवासी कृष्णाबाई बंजारा पत्नी सुरेश बंजारा उम्र 35 साल ने अपने घर में ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय महिला का पति और बच्चे एक शादी में गये थे मृतका के पति सुरेश बंजारा का कहना है कि शादी से लौटते समय उसकी पत्नी से बात हुई थी और खाना बनाकर रखने को कहा था। दूसरी घटना जिले के ईसागढ़ की है जहां गिरजाबाई पत्नी कल्ला उर्फ रवि चंदेल उम्र 24 साल निवासी खिरिया देवत ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### पटवारी बलवीरसिंह यादव पर भी लापरवाही को लेकर कार्यवाही के आदेश

# कलेक्टर ने निरीक्षण में समिति प्रबंधक को कर दिया निलंबित





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

श्रीराम वेयर हाउस में चना,मसूर,सरसों की खरीदी का रिकार्ड विधिवत संधारित नही पाये जाने तथा केन्द्र की व्यवस्थाओं में लापरवाही बरतने तथा स्टाक की उपलब्धता की जानकारी उपलब्ध न कराने पर समिति प्रबंधक उपेन्द्र शर्मा को निलबंन किये जाने संबंधी कार्यवाही किये जाने के निर्देश एसडीएम को दिये। साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र पर उपस्थित पटवारी बलवीर सिंह यादव को अपने कार्यो में लापरवाही बरतने पर तथा सही जानकारी न देने पर निलंबन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ईसागढ इसरार खान,तहसीलदार कमल सिंह कोली एवं संबंधित अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे। सेवा सहकारी समिति मर्यादित ईसागढ़ अंतर्गत श्रीराम वेयर हाउस तथा बालाजी वेयर हाउस ग्राम कदवाया का शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया।

### कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेवा सहकारी समिति पिपरेसरा के अंतर्गत गेंहू का उपार्जन का भण्डारण बालाजी वेयर हाउस में किये जाने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बारदानों में उपार्जित गेंहू की तौल कराई गई। तौल कराये जाने पर एक बोरी का वजन कम पाया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य का समय दृसमय पर निरीक्षण नही करने पर ईसागढ एसडीएम, तहसीलदार तथा केन्द्र प्रभारी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये जाने संबंधी निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम से सेवा सहकारी समिति ईसागढ अंतर्गत दोनों वेयर हाउसों का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान फसलों की तुलाई हेतु समिति में आने वाली उपज की ऑनलाईन एंट्री तथा ऑनलाईन पर्ची दिये जाने संबंधी कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सर्वेयर के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एफ.ए.क्यू की गुणवत्ता की जांच के संबंध में सर्वेयर से तथा किसानों से उपार्जित की गई फसलो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र पर उपस्थित कृषकों से उपार्जन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने फसल तुलाई की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जांच कर पंचनामा बनवाए जाने के निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने वेयर हाउस में उपस्थित कृषकों से पेयजल, छाया, बैठने,फसल तुलाई तथा भुगतान के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

### फरियादी को सुनकर बनाएं सामंजस्य

## आमजन के साथ काम करें तो अपराधों पर अंकुश लग सकता



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर**

पिछोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी हिम्मतपुर में पदस्थ सैनिक आरक्षक एवं चौकी प्रभारी यह दोनों चौकी क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं जो किसी से छिपे नहीं इसमें चौकी प्रभारी संजय लोधी के साथ सैनिक राहुल भार्गव एवं आरक्षक अंकित जाटव भी कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं और क्षेत्र में हो रहे अपराधों को अंकुश लगाने में कामयाब होते हैं।

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के लोगों के प्रति लगातार हिम्मतपुर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है जिससे क्षेत्र में शांति का माहौल निर्मित रहे एवं बड़े-बड़े त्योहार से पूर्व चौकी प्रभारी हिम्मतपुर के द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है हिम्मतपुर पुलिस चौकी परिसर में जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि जैसे कि सरपंच जनपद एवं क्षेत्रीय लोगों को बुलाया जाता है और उन्हें शांति समिति की बैठक के दौरान समझाया जाता है कि कोई भी ऐसा अनैतिक कार्य न करें जिससे पुलिस को मजबूरन होकर आपके ऊपर वैधानिक कार्यवाही करना पड़े एवं सभी लोगों को जानकारी देते प्रभारी कहते हैं कि पुलिस का साथ जब तक जनता नहीं देगी तब तक अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को काफी समय लगता है इसलिए गांव में होने वाले अवैध कारोबार की जानकारी आम जन को ज्यादा रहती है यदि आपके गांव में कोई भी अवैध कार्य होता है तो तुरंत ही पुलिस को सूचना दे एवं सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और समय रहते कोई भी अपराधी हो अपराध की योजना बना रहा हो तो उसके ऊपर समय रहते कार्यवाही भी की जा सकेगी एवं जब चौकी प्रभारी संजय लोधी किसी जरूरी काम से वरिष्ठ अधिकारियों के पास मीटिंग वगैरह में जाते हैं तो उनका मोर्चा चौकी पर पदस्थ सैनिक राहुल भार्गव एवं आरक्षक अंकितसिंह सहित अन्य पुलिस संभालती है और पुलिस चौकी पर आने वाले हर फरियादी की फरियाद बहुत ही गंभीरता से सुनी जाती जिससे क्षेत्रीय लोग चौकी प्रभारी सहित दोनों से आरक्षकों से बेहद खुश हैं।

अब प्यासी गो माताओं को थाने के बहार मिल सकेगा पीने का पानी

## गो सेवक कल्लू महाराज ने आरक्षकों की मदद से रखी पानी की टंकियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा**



दिनारा में धर्म प्रमी व गो सेवक कल्लू महाराज ने थाने के आरक्षक आशीष, विशाल के सहयोग से प्यासी गोमाताओं को पानी की उचित व्यावस्था कर एक नई पहल की है यहा धर्म प्रमियो ने अपने निजी खर्च में थाने के बहार चार सीमेंट की पानी की टंकिया रखवाने का कार्य किया है जिससे प्यासी गोमाताओ के पानी मिल सके। धार्मिक प्रवृत्ति का इंसान हमेशा धर्म की बात करेगा और धर्म की राह पर ही चलेगा फिर चाहे वह गरीब हो या नौकरी वाला हो या नेता हो ऐसा ही मामला आज दिनारा में देखने को मिला जहां पर बीते कई वर्षों से गौ सेवक कल्लू महाराज गो सेवा करते आ रहे हैं हर तरह से एवं तेज धूप में जानवर हो या इंसान सबको ज्यादा से ज्यादा पानी की आवश्यकता पड़ती है इसी क्रम में आज उन्होंने पानी की व्यवस्था को लेकर दिनारा थाने में पदस्थ आरक्षक आशीष शर्मा एवं विशाल शर्मा से गौ सेवा की थोड़ी चर्चा की तो उन्होंने भी गौ सेवक को आश्वासन देते हुए कहा कि गो सेवा को लेकर हम हमेशा आगे रहते हैं आप बताइए क्या करना है गो सेवक कल्लू महाराज ने कहा कि पुरानी थाने से मुख्य बाजार एवं करेरा झांसी का मुख्य रास्ता है यहां से कई आवारा गऊ वंश निकलता है जो पानी के लिए काफी परेशान रहता है और इधर मार्केट में कहीं पर भी पानी की व्यवस्था नहीं है इतनी बात सुनकर दोनों आरक्षको ने पांच सीमेंट की टंकी की व्यवस्था की और थाने के मुख्य द्वार पर रखकर उन्हें पानी से भर दिया गया है जिससे वहां से निकलने वाला गोवंश ठंडा पानी पी सके और अपनी प्यास बुझा सके यह पुण्य का काम देखकर गौ सेवक कल्लू महाराज के साथ-साथ दोनों आरक्षकों की लोग कॉफी प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं

**इनका कहना है**

आरक्षक आशीष शर्मा एवं विशाल शर्मा जब से दिनारा थाने में पदस्थ हैं तब से गो सेवा को लेकर हमने जो भी मदद मांगी तब वह समय-समय पर गो सेवा को लेकर कुछ न कुछ करते रहते है और हमारी मदद करते रहते इनके साथ-साथ दिनारा पुलिस स्टाफ में और भी कई आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक सहित टीआई भी हैं जिन्होंने गौ सेवा को लेकर हमारा सहयोग किया है


**गौसेवक कल्लू** महाराज, दिनारा

### हाईवे किनारे बीड़ी सिगरेट व तीली फेंकने से लगती है आग

## माधव टाइगर रिजर्व में 40 दिन में 10 से अधिक बार भड़की आग




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी**



10 मार्च को सीएम मोहन यादव व सिंधिया ने माधव नेशनल पार्क को माधव टाइगर घोषित किया था उस दिन पन्ना से लाई गई एक बाघिन को भी छोडा जिससे संख्या बढ़कर 6 हो गई थी। लेकिन पिछले 40 दिनो में देखा गया कि माधव टाइगर रिजर्व में 10 से अधिक बार आग भडक चुकी है यह आग टाइगर व शवको के मूवमेंट वाले क्षेत्रो में भी भडकी है बार-बार भडक रही आग से रिजर्व में टाइगर,शवको व अन्य वन जीवो की जान को खतरा उत्पनन हो रहा है। इससे बचने के लिए वन विभाग ने कोई ठोस कार्यवाही या प्लान तैयार नही किया है कि इस आग के कारणो से किसी प्रकार लोगो को जगरुक कर बचा जा सके है।

### इन स्थानों पर भड़की 10 से अधिक बार आग

इस वर्ष पहली बार सिंधिया राज घराने की छत्री परिवार में 22 मार्च को आगजनि की घटना सामने आई थी। जिसमें छत्री परिसर के गेट नम्बर 3 के पास पेडो की पत्तियों में आग लगी थी। बाजाघर और करबला के बीच के जंगलो में 02 अप्रैल 2025 को आग लगी थी वन विभाग के अनुसार यहां आग की पिछले पांच दिनों में यह तीसरी बड़ी घटना थी। इससे पहले सतनबाड़ा रेंज के एनएच-46 पर स्थित पतारा गांव के पास जंगल में आग लगी थी। अगले दिन सतनबाड़ा रेंज के सांकरे हनुमान मंदिर के पास आग भडक़ी थी। 23 अप्रैल को अकमोला घाटी में क्षेत्र में खुटैला के जंगलो में करीब 5 किमी तक आग फैली थी यह टाइगर मूवमेंट वाला क्षेत्र था। 22 अप्रैल को नेशनल हाईवे-46 पर स्थित फ्लाईओवर ब्रिज रात करीब 10 बजे आग लगी थी। 26 अप्रैल को एनएच-27 के पास जंगन में माधव टाइगर रिजर्व के पूर्वी हिस्से में दोपहर 3 बजे आग भडक़ थी। 28 अप्रैल को खोड़ रेंज की शेरगढ़ बीट क्षेत्र में प्लांटेशन में आग भडक़ी थी। 27 अप्रैल को करैरा ग्राम पंचायत टोडा के चौका रोड पर स्थित करीब 200 बीघा गोचर भूमि में अचानक से आग भडकी थी।

**इनका कहना है**



सतनवाड़ा व सुरवाया और हाइर्व किनारे जितनी भी आगजनी की घटना हुई थी वह राहगीरो के कारण हुई है। लोगो ने बीडी सिगरेट आदि का सेवन कर जंगल में रोड किनारे फेंक दिया जिससे यह घटनाएं सामने आई। टाइगर मूवमेंट वाले क्षेत्र में भी आग लगी थी लेकिन हमारी टीम लगातार नजर वनाएं हुई थी अभी तक टाइगरो को किसी प्रकार का नुकसान नही हुआ है। आगजनी को बुझाने में हमारी टीम ने दिन रात मेंहनत की है हमने गांव वाले की मदद से भी आग पर काबू पाया था।

**प्रियांशी राठौड़** माधव टाइगर रिजर्व

### आगरा की मौसम परीक्षण एजेंसी ने श्योपुर जिले से छोड़ा था बैलून

## मौसम परीक्षण का एयर बैलून नदी में गिरा, किसानों ने कोई भारी वस्तु समझकर दी थी प्रशासन को सूचना



**शिवपुरी**। शनिवार को जिले में ओले के साथ हुई बारिश में पोहरी अनुविभाग के डिगदौली गांव के पास में एयर बैलून एक नदी में गिर गया जिसे किसानों ने कोई भारी वस्तु समझा। उन्होंने तुरंत प्रशासन को सूचित किया। जांच में सामने आया कि यह बैलून आगरा की एक मौसम परीक्षण एजेंसी का है। एजेंसी ने इसे श्योपुर जिले से छोड़ा था। यह क्लाइमेट स्टडी के लिए छोड़ा गया था। बैलून की नियमित लैंडिंग प्रस्तावित थी। लेकिन तकनीकी कारणों से यह अनियंत्रित हो गया। एडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला ने स्पष्ट किया कि यह मौसम परीक्षण की नियमित प्रक्रिया है। इसमें कोई खतरा नहीं है। इसमें कोई व्यक्ति सवार नहीं होता। जिला प्रशासन को इस बैलून के बारे में पहले से जानकारी थी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की तकनीकी चीजों को लेकर अफवाह न फैलाएं।

## घर की दीवाल से गिरकर घायल

**अशोकनगर**। सिटी कोतवाली के अंतर्गत अम्बेडकर मोहल्ला निवासी कमलसिंह पुत्र मोहनसिंह अहिरवार उम्र 65 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह अपने घर की दीवाल का निर्माण कर रहा था उसी समय दीवाल से गिर गया जिससे उसे चोटें आई हैं।

## जअप के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ जगदीश ने किया श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर**

पानी बचाने के उद्देश्य श्रमदान व रैली गतिविधि की' कलेक्टर के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था गुरुदेव समाज कल्याण समिति अशोकनगर तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजपुर द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम राजपुर के छोटी नदी डैम के पास पर जल संरक्षित करने के उद्देश्य से श्रमदान किया तथा पानी बचाने के लिए रैली भी निकाली गई श्रमदान में जिला समन्वयक अनीता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव नवअंकुर संस्था के सचिव भूपेंद्र सिंह रघुवंशी व जगदीश सेन,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सेन, एमएसडब्ल्यू छात्र पवन कुशवाह ,रानी खंडेलवाल ,बलराम सोनी, डॉ जगदीश यादव पूर्व मंडल,डॉ रामपाल यादव, भारत साहू, माधोलाल साहू, इंद्रजीत यादव सरपंच प्रतिनिधि रेपरी, महेश सेन, राजपाल यादव, उमेश कुशवाह, योगेंद्र खंडेलवाल, मन्नालाल यादव, नरेंद्र सेन सहित ग्रामीणों ने जल शपथ भी तथा दीवार लेखन के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया गया।

### जिला स्तरीय क्विज, प्रतियोगिता में कई शालाओं के विद्यार्थी शामिल

## जिज्ञासा द क्यूरिसिटी का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**






शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय क्विज, प्रतियोगिता जिज्ञासा द क्यूरिसिटी मे अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़, चंदेरी, गुना, शाढ़ौरा आदि समेत कई शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से लगभग 230 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह क्विज कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी।

50 प्रश्नों की क्विज में गणित, भौतिकी, रसायन एवं सामान्य ज्ञान से आधारित प्रश्न पूछे गए थे। छात्र-छात्राओं को क्विज हल करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया था। क्विज में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह प्रशंसनीय था। इस क्विज में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा प्रज्ञा शुक्ला प्रथम विजेता रही, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप स्मार्ट वॉच प्रदान की गई। द्वितीय विजेता एक्सीलेंस स्कूल अशोकनगर से आशुतोष शर्मा रहे जिन्हें लैपटॉप बैग प्रदान किया गया। तृतीय स्थान पर वंदना पब्लिक स्कूल अशोकनगर के हर्षित जैन रहे जिन्हें भी पुरस्कार स्वरूप लैपटॉप बैग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 20 अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को एक निश्चित उपहार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला एवं विशेष अतिथि के रूप में अनिल खंतवाल जिला परियोजना समन्वयक उपस्थित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि 10वीं 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम शहर में प्रथम बार आयोजित किया गया है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं के उत्साह से यह प्रतिबिंबित होता है कि वह अपने भविष्य निर्माण के लिए कितने उत्साहित है। संस्था के प्राचार्य डॉ बी. के. गुप्ता द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज से इंजीनियरिंग डिप्लोमा करने के बाद करियर एवं उच्च शिक्षा की संभावना विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोक नगर में प्रवेश केलिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं, जो भी इच्छुक छात्र-छात्राएं पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग डिप्लोमा करना चाहते हैं वह एमपी ऑनलाइन पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। साथ ही जिन छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन करने में समस्या आ रही है उनके लिए इस वर्ष विशेष रूप से संस्था में सहायता केंद्र बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन मनीष वैद्य, सचिन शर्मा ने किया। परीक्षा का संचालन एवं परिणाम अनिल धकाते एवं टीम द्वारा तैयार किया गया। इस अवसर पर संस्था के एम.के. नेमा, मोनेश जैन, आर.एस. रघुवंशी, सीताराम चैहान, एम.एल. सोनी, प्रियंका चोकसे आदि थे।